हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 16 नवंबर 2025

06 सदर विधायक ने किया क्षेत्र का भ्रमण अडवाहा...



09 जमीनी विवाद पर किसान का मर्डर, चौकी प्रभारी पर...





## खबर संक्षेप

### गौर जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर 21 को

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के संस्थापक एवं महान दानवीर डॉ गौर की जयंती के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र द्वारा विवि के अभिमंच सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन 10 बजे से 03 बजे तक आयोजित किया जायेगा। गौर उत्सव के मुख्य समन्वयक प्रो. आशीष वर्मा ने बताया कि इस शिविर में विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ सागर शहर के नागरिक गण भी रक्तदान कर सकते हैं। डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि 18 से 62 वर्ष तक की आयु के स्वस्थ महिला या पुरुष रक्तदान कर सकते हैं और वर्ष में 3-4 माह के अंतराल पर तीन से चार बार रक्तदान किया जा सकता है।

### वी क्लब ने बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया

**सागर।** वी क्लब सागर गोल्ड द्वारा तिलकगंज में बाल दिवस मनाया गया। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। समारोह में बच्चों के लिए पेंटिंग कंपीटीशन रखा गया। बच्चों ने गीत और कविताएं सुनाईं। क्लब की ओर से बच्चों को ड्रॉइंग कॉपी, स्केच पेन, टॉफी, बिस्किट दिए गए। इस पर अध्यक्ष कंचन केसरवानी, सचिव पूनम मेवाती, सीमा गुप्ता, जागृति केसरवानी, नीता केसरवानी, मीना केसरवानी, नीलू केसरवानी उपस्थित रहीं।

### पीपरा स्कूल में हुआ बाल मेले का आयोजन

**सागर।** विगत दिवस पीपरा हायर सेकंडरी स्कूल में प्राचार्य मोनिस कार्लो के निर्देशन में प्रभारी प्राचार्य अखिलेश गौतम सर द्वारा बाल दिवस पर बच्चों के मनोरंजन हेतु भव्य बालमेले का आयोजन किया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा लगभग 46 दुकानें लगाई गई। जिसमें सर्वप्रथम गणमान्य नागरिकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर मा सरस्वती पूजन किया गया इसके उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमो की शानदार प्रस्तुती की गई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा रिबन काटकर बाल मेला का शुभारंभ किया गया । साथ में लोकमन चौधरी के निर्देशन में खेलो का भी आयोजन किया गया। डी एस दीक्षित के निर्देशन में मेहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सूर्यकांत द्विवेदी ,वरदान पाठक, भरत सर के निर्देशन विद्यार्थियों द्वारा मोबाइल के दुरुपयोग आधारित नाटिका व दीवाल पर बहुत सुंदर चित्रकारी का प्रदर्शन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द्वारा सराहना की गई एवं विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु उद्बोधन दिया गया। इस अवसर कार्यक्रम प्रभारी यू एस सोनी, रहीस सर, राजेश मिश्रा सर, किशोर सर, एमएल सर, राकेश सर, काजुल ठाकुर, कृष्णपाल, लोकेंद्र दांगी, विपिन तिवारी, निधि ,दीप्ति, राकेश, आनंद दादा सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### बाल मेला में बच्चे बने दुकानदार

**सागर।** आर्य कन्या उ. मा. विद्यालय में बाल दिवस पर बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्रायें स्वयं द्वारा निर्मित खाद्य सामग्री के विभिन्न स्टॉल लगाए गए जिसका उद्देश्य छात्र/छात्राओं को बाजार का व्यवहारिक ज्ञान कराना एवं बचत करना सिखाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कंचन सिंह सहा. राज्य संगठन आयुक्त स्का./गा. सागर संभाग, आशीष घोटणकर प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा एवं सुलेखा राकेश राय पार्षद कटरा वार्ड विशिष्ट अतिथि रहीं, सभी अतिथियों का स्का. गाइड एवं एनसीसी की कैडेट्स द्वारा स्वागत सैल्यूट एवं पुष्पहार शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया।कार्यक्रम में उप प्रधान अजय कुमार, मंत्री अभिजीत केशरवानी, कोषाध्यक्ष आशीष समिति सदस्य, प्राचार्य हीरा साहू, उप प्राचार्य एवं गाइडर नंदा चौरसिया, प्रकाश साहू शामिल थे।

## त्याग, तपस्या और बलिदान वाला समुदाय है जनजाति समाज : जिला पंचायत अध्यक्ष राजपूत

# सहज, सरल, शांत स्वभाव के होते हैं जनजाति समुदाय सनातन परंपरा से जुड़कर आगे बढ़ें: विधायक पटेरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

त्याग, तपस्या, बलिदान वाला समुदाय है जनजाति समाज। उक्त विचार जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के समापन वर्ष पर आयोजित जिला स्तरीय रंगारंग कार्यक्रम केसली में व्यक्त किए। इस अवसर पर देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, उमा खटीक, बिहारी राम सिंह, पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एसडीएम गगन विशेन, अनुसूचित जाति-जनजाति सहायक आयुक्त सुधीर श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनजाति वर्ग का जनसमुदाय मौजूद था।



भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के समापन वर्ष के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि जनजाति समुदाय बलिदानों का समुदाय है, जहां रानी दुर्गावती, रानी कमलापति, शंकर शाह-रघुनाथ सहाय जैसे महान बलिदानी हमारे देश को मिले। राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा परिवारों के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जनजाति वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है, जिसमें देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी जनजाति समुदाय से आती हैं। पक्के मकान, शौचालय, किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, तीर्थ दर्शन यात्रा एवं आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5,00,000 तक का इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनजाति समुदाय के शहीदों की जन्म जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है।

देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। जनजाति समुदाय सहज, सरल एवं शांत होता है। उन्होंने कहा कि जनजाति वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा से जुड़कर हम सबको आगे बढ़ना है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी जनजाति समुदाय तक पहुँचाने का आग्रह किया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि जनजाति समुदाय से रानी दुर्गावती, रानी कमलापति, संघर्षशील रघुनाथ शाह जैसे वीर समाज को मिले हैं। आज हम उनका सम्मान व श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदाय का इतिहास क्रांतिकारी रहा है। इस अवसर पर अनिल डिमौले, उमा खटीक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के समापन वर्ष के अवसर पर ग्राम की महिलाओं एवं कन्या शिक्षा परिषद की छात्राओं द्वारा आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई तथा इसकी जानकारी जनजाति समुदाय सहित अन्य सभी जनसमुदाय को प्रदान की गई।

कार्यक्रम के पूर्व सहायक आयुक्त सुधीर श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर रामलखन सिंह, सुधीर सिंह, भारती सिंह, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिष्ठा जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री रूपल जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं जनजाति समुदाय उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन शालिनी जैन ने किया, जबकि आभार सुधीर श्रीवास्तव ने माना।



## ट्रैक्टर पलटने से लगी आग, किसान की मौत, पत्नी ने लगाए आरोप

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र से शुक्रवार कि रात एक बेहद ही दुखद घटना सामने आई जहां मक्का बेचकर घर लौट रहे किसान का ट्रैक्टर पलटने से उसमें आग लग गई। ट्रैक्टर के नीचे दबने से किसान की भी जान चली गई हालांकि किसान की पत्नी ने गांव के ही कुछ लोगों पर साजिश रच कर इस घटना को अंजाम देने की आरोप लगाए हैं पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।मामला गढ़ाकोटा के रतनारी से पाढ़ेर ग्राम जाने वाले रास्ते का हैं, रतनारी के जीवन लोधी गढ़ाकोटा मक्का बेचने के लिए आए थे और अपने घर लौट रहे थे लेकिन रास्ते में पाढ़ेर गांव के पास अचानक सड़क के नीचे उनका ट्रैक्टर पलटा मिला जिसके पहियों में आग लगी थी और इस ट्रैक्टर के नीचे जीवन दबा हुआ था जब ग्रामीणों ने यह देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंची जहां उन्होंने बड़ी मुश्किल से जीवन को ट्रैक्टर के नीचे से निकला और फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जीवन लोधी की पत्नी कल्पना ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ दबंग लोग हैं जो पिछले कई दिनों से जीवन को परेशान कर रहे थे। क्योंकि उन्होंने 20,000 रुपया लिए थे और वह पैसे चुका भी दिये थे। लेकिन वे व्याज के नाम पर 50 से 60000 की मांग कर रहे थे इसी को लेकर विवाद चल रहा था उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी थी और जब आज अकेले वह लौट रहे थे तो उन लोगों ने ही पेट्रोल डालकर जला दिया है। जिसमें ट्रैक्टर के साथ जीवन भी जल गया, आरोपियों को पकड़ कर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।




## विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत निकाली गई बाइक रैली

**सागर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार व प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर द्वारा जिले में 9 नवम्बर से 14 नवम्बर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सप्ताह के प्रत्येक दिन पृथक-पृथक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बाइक रैली का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर महेश कुमार शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर जिला पदस्थापना सागर पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण,, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजपूत, अभिभाषक संघ के सचिव वीरेन्द्र सिंह राजपूत, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स उपस्थित रहे।

## डॉ प्रतिभा तिवारी को भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की अध्यक्ष मनोनीत किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ प्रतिभा तिवारी को भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की अध्यक्ष मनोनीत किया गया है जो महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान का सम्मान है। यह नियुक्ति इंदौर में आयोजित प्रांतीय बैठक में संगठन की राष्ट्रीय सचिव किरण शर्मा द्वारा की गई। जिसमें प्रदेश मंत्री सुश्री वीणा पेठणनकर भी उपस्थित थीं।



यह पद उन्हें महिला सशक्तीकरण के लिए किए गए सतत प्रयासों, सहयोग और समाज हित में कार्य करने के लिए प्रदान किया गया। वे पूर्व में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थीं और संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं। उन्होंने महिला सुरक्षा, शिक्षा, और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर कई संगोष्ठियों और कार्यक्रमों का नेतृत्व किया। संगठन और समाज की ओर से इस नियुक्ति को मध्यप्रदेश की समस्त स्त्री शक्ति के लिए गौरवपूर्ण माना जा रहा है। संगठन के सदस्यों और समाज के विभिन्न वर्गों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ प्रतिभा तिवारी की यह नई भूमिका निश्चित रूप से महिला सशक्तीकरण की दिशा में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

## आदित्य द्विवेदी ने राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जीते दो रजत पदक



**सागर।** ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र आदित्य द्विवेदी ने इंदौर के तरुण पुष्कर स्विमिंग पूल में आयोजित एसजीएफआई राज्य स्तरीय बैकस्ट्रोक 50 मीटर एवं बैकस्ट्रोक 100 मी. तैराकी प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण मध्य प्रदेश के विभिन्न संभागों के लगभग 500 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। आदित्य दिल्ली में आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करेंगे। इस सफलता पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं साथी मित्रों ने आदित्य को शुभकामनाएं दी हैं।



## बिहार में जीत पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

**गढ़ाकोटा।** बिहार में एनडीए को प्रचंड बहुमत से मिली ऐतिहासिक जीत पर मुख्य बस स्टैंड पर अभिषेक भार्गव एवं मनोज तिवारी सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर खुशी का आनंद उठाया। सभी को मिठाई बांटी। तिवारी ने कहा कि जनता ने विकास, विश्वास और नेतृत्व पर अपना भरोसा जताया, अब बिहार में विकास की गंगा और भी तेज बहेगी।

## ग्राम हप्सिली डेयरी विस्थापन स्थल पर तालाब बनाया जाए : रमाकांत यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मप्र कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग उपाध्यक्ष रमाकांत यादव ने सागर महापौर संगीता तिवारी एवं निगम आयुक्त राजकुमार खत्री को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें सागर की समस्त डेयरी को विस्थापित करके हप्सिली में सामूहिक रुप से स्थापित किया गया है। यहां पशुओं के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु ट्यूब बेल शासन द्वारा लगाए गए हैं परंतु इससे पशुपालन में समस्याएं आ रही है।

इस हेतु रमाकांत यादव ने सागर निगम प्रशासन से निवेदन किया है कि पशुपालकों को सुविधा और पशुओं को पेयजल हेतु डेयरी विस्थापन स्थल के करीब एक तालाब बनाया जाए जिससे पशु स्वतंत्र विचरण करते हुए पानी पी सके।इस अवसर रवि सोनी, श्रीदास रैकवार, महेश अहिरवार, अनिल दक्ष, संजय रैकवार आदि सभी उपस्थित थे।ज्ञापन में पशुपालकों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए महापौर संगीता तिवारी एवं वरिष्ठ पार्षद शैलेन्द्र ठाकुर ने संबंधित अधिकारी को डेयरी स्थल का निरीक्षण करने का आदेश दिया।





## रहली में बिहार में एनडीए की जीत के जश्न पर फूटे फ़टाके

रहली। बिहार में एनडीए को मिले अपार समर्थन और विजय होने पर नगर पालिका परिषद के सामने भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने ढोल धमाकों के साथ जश्न मनाया पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश यादव,पार्षद अमित नायक,राजेंद्र ठाकुर, सहित अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## सागर शहर कांग्रेस का बीएलए प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी क अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेशानुसार एस आई आर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जिसमे मतदाताओं के नाम जोड़ने अलग करने और परीक्षण हेतु प्रशिक्षण देने पधारे प्रशिक्षक स्पेंशर लाल ने सागर विधानसभा के समस्त कांग्रेस बी एल ए को क्रमिक रूप से जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम एम एस गार्डन में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षक स्पेशर लाल एवं महेश जाटव ने प्रशिक्षण आरंभ किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि साथियों समय कम है हम सभी बीएलओ को संविधान बचाने और अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए मताधिकार सबसे बड़ा अधिकार अपना मत है। इसकी रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक का नाम वोटर सूची में होना नितांत आवश्यक है। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए निर्वाचन प्रभारी अमित दुबे राम जी ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य आम जनता के अधिकारों की रक्षा कर उससे उसका हक दिलाना है हम सभी आप समस्त बीएलओ की मदद के लिए तैयार है। कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सागर साहू व आभार निर्वाचन के प्रभारी चेतन पांडे ने माना।शहर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र जैन क्रांतिकारी जिला निर्वाचन, प्रभारी शैलेंद्र तोमर, सह प्रभारी चैतन्य कृष्ण पांडे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमाकांत यादव, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल चौबे, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चक्रेश रोहित, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, रवि सोनी प्रवक्ता, लक्ष्मी नारायण सोनकिया दीनदयाल तिवारी, नीलेश अहिरवार, लीलाधर सूर्यवंशी, चमन अंसारी, पार्षद ताहिर खान, रजिया खान, धर्मेंद्र चौधरी, विनीत जैन, श्री दास रैकवार, वसीम खान, दुर्गा पटेल आदि सभी विभिन्न वार्डो से आए बूथ एजेंट ने प्रशिक्षण में सहभागिता निभाई ।

## दिव्यांग कलाकारों ने किया अदभुत प्रदर्शन, यह कला संदीपनि स्कूल प्रस्तुत की गई

# डॉ उमेश वैद्य के प्रयासों से बुंदेलखंड के मोनिया नृत्य को मिली राष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

बुंदेलखंड की विलुप्त होती सांस्कृतिक धरोहर, मोनिया नृत्य, को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का श्रेय डॉ. उमेश वैद्य को जाता है। हाल ही में उनके नेतृत्व में यह शानदार कला संदीपनि स्कूल, रहली में प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। स्कूल प्राचार्य दिलीप चौबे, सहित समस्त स्टॉप और हजारों छात्र छात्राओं ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह वर्धन किया।



### प्रस्तुति की मुख्य झलकियाँ

डॉ. उमेश वैद्य और उनकी टीम ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन के मार्मिक और प्रेरणादायक दृश्यों को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर दिया। प्रस्तुति के दौरान दर्शाई गई प्रमुख लीलाएँ: श्री कृष्ण की बाल लीलाएँ: नटखट कान्हा की मनमोहक झाँकी। कालिया मर्दनः बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक। गीता उपदेशः भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए अमर ज्ञान का सार।

### दिव्यांगों का अदभुत प्रदर्शन

इस प्रस्तुति की सबसे खास और प्रेरणादायक बात यह है इस टीम के सभी कलाकार दिव्यांग हैं। संयोजक डॉ. उमेश वैद्य के क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से इन दिव्यांग कलाकारों खोजकर उनका मनोबल बढ़ाया और प्राकृतिक प्रतिभा को खोजकर निखारने का काम किया। आज यह दिव्यांग अपनी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद, जब मंच पर उतरते हैं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं, तो दर्शक स्तब्ध रह जाते हैं और उनकी लगन व कौशल की प्रशंसा करने को मजबूर हो जाते हैं।

डॉ. उमेश वैद्य के अथक प्रयासों से, वसुंधरा लोक कला मंच के माध्यम से मोनिया नृत्य ने पूरे देश में अपनी एक अलग और अमिट पहचान बनाई है। यह मंच न केवल एक कला शैली को बचा रहा है, बल्कि दिव्यांग कलाकारों को अपनी प्रतिभा साबित करने का एक सशक्त माध्यम भी दे रहा है। यह प्रस्तुति कला, संस्कृति और मानवीय जज्बे का एक अद्भुत संगम थी, जिसने बुंदेलखंड के गौरव को बढ़ाया है।

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से भैंस की मौत

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम नत्थीखेड़ा निवासी राजेश पुत्र धनीराम ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 7 अक्टूबर कोरात करीब 8.30 बजे ग्राम चन्द्रापुरा में उसकी तीन भैंस चरते हुये रोड पर आ गयी। उसी समय ग्राम ऐवनी निवासी अमित यादव पुत्र अनेक सिंह ने अपनी पिकअप नम्बर यू.पी. 94 टी 9443 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये भैंसों को टक्कर मार दी, जिससे उसकी एक भैंस मौके पर ही मर गयी, एक भैंस घायल हो गयी। बताया कि अमित यादव ने भैंसों की भरपाई के लिए गांव में एक पंचायत की थी, जो कि विफल रही। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गल्ला मंडी से बाइक चोरी का मामला दर्ज

**ललितपुर।** आजादपुरा द्वितीय में रहने वाले आनन्द कुमार झां पुत्र मुकेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने अपनी टीवीएस मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 आर 0893 को 12 नवम्बर की शाम 4 बजे पिता मुकेश की गल्ला मण्डी स्थित दुकान के सामने खड़ा कर दिया था। बताया कि वह पिता की दुकान पर व्यस्त हो गया। कुछ समय बाद जब वह मौके पर पहुंचा तो उसकी बाइक नहीं थी। उसने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो मण्डी में केन्टीन चलाने वाले भरत कोरी का साला मोनू उर्फ सोनू उर्फ भैया ने उसकी मोटर साइकिल को चोरी कर लिया। मामले की सूचना उसी समय चौकी पुलिस को दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### घंटाघर पर महिला से छेड़छाड़, अपमानित किया

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 नवम्बर की शाम करीब 6.30 बजे वह घण्टाघर के पास अपना कार्य कर रही थी। तभी सीतापाठ निवासी शुभम जोशी पुत्र अशोक उसके पास आया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर शुभम ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। यह भी आरोप है कि शुभम ने उसे समाज व रिश्तेदारों में बदनाम करने की धमकी दी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित भी किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर शुभम जोशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### फरार चोर को दबोचा माल भी बरामद हुआ

**विदिशा।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से लगभग 1.30 लाख मूल्य का मशरूका बरामद किया है। वार्ड नंबर 10, भगत सिंह कॉलोनी नाना का बाग और मुखर्जीनगर सुंदर सेवा आश्रम के पास हुई चोरी की शिकायतों पर पुलिस ने इन दोनों घटनाओं प्रकरण दर्ज किए गए थे। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने फरार आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदातों को स्वीकार किया और उसके कब्जे से एक सोने की चेन, एक सोने की ब्रेसलेट और ₹7 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं।

### राजस्थान में मिली अपहृता नाबालिग

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने अपहृता नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों से मिलवाया। 4 अप्रैल को 17 वर्षीय बालिका के अपहरण की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली थी। पुलिस ने 12 नवंबर को राजस्थान से बालिका को सुरक्षित भोपाल लाकर परिजनों को सुपुर्द किया।

### मेहलुआ चौराहा के मेडिकल स्टोर्स की जांच

**विदिशा।** एसडीएम कुरवाई के निर्देशन में मेहलुआ चौराह क्षेत्र की मेडिकल दुकानों की जांच की गई। ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा पांच मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान औषधियों के भंडारण, लाइसेंस आदि की जांच की।

## ग्रामीण स्तर की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया

# सदर विधायक ने किया क्षेत्र का भ्रमण अडवाहा में चौपाल पर सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




ग्राम पंचायत अड़वाहा विकासखंड जखौरा में सदर विधायक ललितपुर राम रतन कुशवाहा के द्वारा चौपाल लगाकर आम जनमानस की समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के दिए निर्देश एवं साथ ही लगभग एक करोड़ से अधिक की ग्रामीण स्तर की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया ग्राम पंचायत अड़वाहा में ग्रामीण विकास और जनसुनवाई के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण चौपाल का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता ललितपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम रतन कुशवाहा ने की।

बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण, महिला समूह, युवा, किसान तथा पंचायत प्रतिनिधिगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों ने पेयजल संकट, खराब सड़कों, विद्युत आपूर्ति में अनियमितता, आवास योजनाओं में लंबित मामलों, वृद्धावस्था पेंशन, मनरेगा भुगतान, भूमि-सीमा विवाद, प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों को विधायक कुशवाहा के समक्ष रखा। विधायक ने प्रत्येक समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और उपस्थित राजस्व, विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल निगम, पंचायती राज एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का स्थल निरीक्षण किया जाए, प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो, जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता व त्वरित लाभ उपलब्ध कराया जाए, किसी भी प्रकार की लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी

### परियोजनाओं से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा

ग्राम पंचायत अड़वाहा में विकास कार्यों को और गति देने हेतु विधायक कुशवाहा ने एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न ग्रामीण स्तरीय विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में मुख्यतः ग्रामीण संपर्क मार्गों का निर्माण एवं चौड़ीकरण, क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण, नल-जल योजना एवं हैंडपंपों की स्थापना/मरम्मत, नाली-खड़ंजा निर्माण, सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक उपयोग स्थलों का विकास प्राथमिक विद्यालयों में कमरों का निर्माण, रंगाई-पुताई एवं फर्नीचर उपलब्धता, सौर लाइटों एवं स्ट्रीट लाइटों का स्थापना कार्य, स्वच्छता एवं जल निकासी से संबंधित परियोजनाएँ, इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया

अपने संबोधन में विधायक श्री राम रतन कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक गांव तक सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएँ निर्बाध रूप से उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या ही मेरी प्राथमिकता है। क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा और किसी भी स्थिति में ग्रामीणों को असुविधा नहीं होने दी जाएगी। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक बिना भेदभाव समय पर पहुँचाया जाए तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। चौपाल में अनुपम चौबे, सुरेन्द्र रजक जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ललितपुर, सुशील विश्वकर्मा जी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएँ एवं किसान भाई उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक के दौरे एवं विकास कार्यों की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए क्षेत्र के निरंतर विकास हेतु धन्यवाद दिया।

## युवक को हिरासत में लिया

# प्रैक्टिकल के नाम पर रुपए वसूली का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



निकटवर्ती ग्राम महर्रा स्थित भगवान आदिनाथ डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत करीब दो सैकड़ा छात्र-छात्राओं को बी-एड का प्रैक्टिकल देने के लिए मुख्यालय स्थित पुरुषोत्तम नारायण नगर पालिका इण्टर कॉलेज (पी.एन. कॉलेज) में बुलाया गया था। यहां प्रैक्टिकल देने आये छात्र-छात्राओं ने कुछ समय पश्चात ही हंगामा कर दिया। हंगामा करते हुये छात्र-छात्राओं ने प्रक्टिकल देने के नाम पर प्रति छात्र या छात्रा 1500 रुपये की अवैध तरीके से मांग किये जाने और कई छात्र-छात्राओं से वसूली किये जाने के गंभीर आरोप लगाये। सूचना मिलने पर पुलिस पीएन इण्टर कॉलेज पहुंची, जहां से उन्होंने अंकित जैन नाम के युवक को रंगे हाथों धर दबोचा। पत्रकारों व छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में पकड़े गये अंकित जैन नाम के युवक पर आरोप लगाया गया कि कई विद्यार्थियों से नकद और कई विद्यार्थियों से ऑनलाइन रुपए वसूल किये गये। जब पत्रकारों ने उक्त युवक से पूछा कि प्रैक्टिकल में किस बात के रुपये मांग रहा है, तो उसके पास कोई जबाव नहीं था। पूरे प्रकरण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी जमकर हंगामा काटा। वहीं कोतवाली पहुंचने पर विद्यार्थियों द्वारा उक्त युवक के खिलाफ तहरीर दी गई।

# बाल मेले में उमड़ी बच्चों की भीड़, व्यंजनों का चखा स्वाद

**ललितपुर।** देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल लाल नेहरू की जयंती सरस्वती ज्ञान मंदिर बालिका इंटर कालेज में बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सर्व प्रथम विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र सिंह यादव ने उपस्थित स्टाफ के साथ पं जवाहरलाल लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पं जवाहरलाल लाल नेहरू जी का सदैव बच्चों के प्रति लगाव था। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा बोलते थे। वहीं उन्होंने बच्चों को पं नेहरू जी के आदर्शों पर चलने की अपील की। तो वहीं बच्चों ने खास व्यंजनों की दुकान सजायीं। जिसका सभी ने लुत्फ उठाया। व्यंजनों की बिक्री होने पर बच्चे उत्साहित दिखे। विधालय की प्रधानाचार्या सोनम तोमर, नेहा, सविता उपाध्याय, दीपक शर्मा, सुशील, सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के द्वारा लगाए मेले की सराहना की।

# 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तैयारी शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त दिशा-निर्देशों, जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए सचिव मयंक जायसवाल की अध्यक्षता में न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में निर्णीत वादों पर चर्चा कर 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के संबंध में विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि गयी कि वह अपने-अपने स्तर से अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु प्रयास करें, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकें। बैठक में सीजेएम रवि शंकर गुप्ता, अपर सिविल जज जूडि शअदिति जैन, सिविल जज जू.डि. देव प्रिय सारस्वत, अपर सिविल जज जूडि-न्यू कोर्ट आकृति, सिविल जज जूडि एफटीसी नवीन कुमार, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह उपस्थित रहे।

## सक्षम के नेत्र जागरूकता अभियान में दी सीख

# मरणोपरांत नेत्रदान ईश्वरीय कार्यः राज्यमंत्री पंथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



समदृष्टि क्षमता एवं विकास अनुसंधान मण्डल सक्षम के तत्वावधान में नेत्र जागरूकता अभियान में प्रदेश के राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा नेत्रों के रखरखाव के लिए जागरूकता जरूरी है। मरणोपरान्त नेत्रदान को ईश्वरी कार्य बताते हुए चन्होंने समाज के लोगों से आव्हान किया कि नेत्रदान अवश्य करें इसके माध्यम से दो नेत्रहीनों को नेत्र ज्योति मिलती है। सक्षम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान में जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर सक्षम जिलाध्यक्ष अक्षय अलया, जिला महासचिव अजय जैन साइकिल, जिला उपाध्यक्ष डॉ० तेजस्व श्रीवास्तव, महेश पटेरिया, गोविन्द व्यास,दीपक सिंघई, भाजपा नगर अध्यक्ष भगतसिंह राठौर, प्रधान विजय सिंह, मीडिया प्रभारी मनोज जैन, संजीव सौरया, रवीन्द्र जैन मुनमुन, राघवेन्द्र चौबे, रविप्रतापसिंह, ध्रुव साहू, विवेक समैवा, दीपक राठौर, वीरेन्द्र सोनू, देवेन्द्र कुशवाहा, मनविन्दर कौर, वीणा जैन, अनीता मोदी आदि मौजूद रहे।

## झूठा मुकद्दमा कराने का आरोप

# कंपनी ने कर्मचारी, पिता व बहन पर रु. गबन का आरोप लगाया

**ललितपुर।** महानगर झांसी के सीपरी बाजार स्थित 491 आदर्श नगर निवासी राजीव शर्मा पुत्र स्व.प्रकाश शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा।

पत्र में राजीव शर्मा ने बताया कि वह जे.एम.के. एसोसिएट्स का स्वामी है और उसकी कम्पनी में ललितपुर रोड महरौनी निवासी रानू झां पुत्र अशोक कलेक्शन एग्जीक्यूटिव पद पर कार्यरत था। आरोप है कि रानू झां ने उसकी कम्पनी की राशि 1 लाख 44 हजार 518 रुपये गबन करके भाग गया। मामले में कार्यवाही करते हुये उन्होंने 11 जून को कोतवाली बुलाया, लेकिन रानू के बजाय उसके पिता अशोक आये। अशोक ने गबन को स्वीकार करते हुये लिखित समझौता किया और 40 हजार रुपये उसी स्थान पर दिये। उक्त पत्र पूरे पैसे लौटाने की बात कही गयी। समय गुजरने पर जब उन्होंने अशोक से सम्पर्क किया तो उन्होंने रुपये लौटाने से इनकार कर दिया। इस सम्बन्ध में उन्होंने सीओ को प्रार्थना पत्र दिया, जिसे संज्ञा लेने पर रानू, अशोक झां व उसकी बहन को ऑफिस में बुलाया। आरोप है कि रानू, अशोक व उसकी बहन ने साजिशन उस पर झूठा मुकद्दमा दर्ज करा दिया, जिसकी जांच महरौनी थाने में चल रही है। यह भी आरोप है कि रानू अब उसे लगातार धमकियां दिलवा रहा है कि उस पर अब गलत धाराओं में मामला दर्ज करायेगा और जान से मारकर फेंक देंगे। पीड़ित ने बताया कि कम्पनी द्वारा दिये गये दस्तावेज भी रानू के खिलाफ हैं तथा रानू के पिता द्वारा लिखा गया समझौता पत्र भी जांच में शामिल किया है। पीड़ित की तहरीर को गंभीरता से लेते हुये एसपी ने मामला दर्ज कर जांच के निर्देश दिये हैं। निर्देश मिलने पर थाना महरौनी पुलिस ने रानू, उसके पिता अशोक व बहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# चार पहिया गाड़ी व 5 लाख रुपए की मांग, बहू को प्रताड़ित कर निकाला

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी के थाना ओरछा अंतर्गत ग्राम बनगांय निवासी बबीता पुत्री रामेश्वर ने थाना पूराकलां पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी वर्ष 2020 में पूराकलां के ग्राम कंधारीकलां निवासी संजीव पुत्र सुखराम से हिन्दू रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुयी थी। आरोप है कि शादी में दिये गये उपहार के चलते ससुरालियों में पति संजीव, ससुर सुखराम, सास सुखवती, ननद सपना खुश नहीं थे। 2 से 5 लाख रुपये व एक चार पहिया वाहन की मांग कर रहे थे। जब उसके पिता ने असमर्थता व्यक्त की तो उक्त लोगों ने उसे प्रताड़ित किया और आये दिन मारपीट करने लगे। आरोप है कि ससुरालियों ने उसकी शादी के सभी सबूत जला दिये और शादी का वीडियो तोड़ते हुये उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विगत दिनों ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की, जिसके बाद उसने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस आने पर उक्त लोगों ने उस पर गहने चोरी का आरोप लगा दिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी एक पुत्री भी है, जिसकी सुरक्षा करायी जाये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### अज्ञात पर पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया

महरौनी थाना क्षेत्रांतर्गत रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि गुरूवार को अपराह्न 3 बजे उसकी 23 वर्षीय पुत्री बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। आरोप है कि काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो उसका फोन लगाया, लेकिन नम्बर बंद आ रहा है। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति उसे शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बिहार विधानसभा चुनाव में जीत

# भाजपा की जिला इकाई ने हर्ष व्यक्त किया, जश्न भी मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बिहार विधानसभा में एनडीए की असाधारण अभूतपूर्व जीत पर आज भारतीय जनता पार्टी की ललितपुर इकाई ने तुवन चौराहे पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में जश्न मनाया।जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने आकाश को गुंजित करने बाली नारेबाजी की ।इस अवसर पर खुब आतिशबाजी की गई और मिष्ठान बांट कर एक दूसरे को बधाई दी गई।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की बिहार की जीत हमारे कार्यकर्ताओं की लगन, साहस, रणनीतिक कौशल,और पार्टी के प्रति ध्येय निष्ठा पर विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि हम लोग अपने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर समाज के विभिन्न वर्गों में काम कर रहें हैं।जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का अगला मिशन उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सरकार बनवाने का है और उत्तर प्रदेश में बहुमत से दो हजार सत्ताईस में भारतीय जनता पार्टी की सरकार वनने जा रही है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह एड,नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बंशीधर श्रीवास, महेश श्रीवास्तव भैया,शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, पूर्व चेयरमैन रजनी साहू, रवीन्द्र दिवाकर ,शिक्षक नेता छक्की लाल साहू,डा राजकुमार जैन,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष वृजमोहन संज्ञा, ईं गिरजा शंकर दुबे,किसान नेता सुरेश टोंटे, व्यापारी नेता सुबोध शर्मा,डा रामगोपाल साहू,डा अनुपमा पुरोहित,डा मनवीर सिंह तोमर,डा दीपक चौबे, डा विजय दुबे, डा तेजस्व श्रीवास्तव,डा रानी साहू,संतोष कुशवाहा, मोहन लाल रैकवार,डा आकाश पुरोहित डा राजेन्द्र साहू, व्लाक प्रमुख कल्याण सिंह लोधी, जिला पंचायत सदस्य मानसिंह यादव, अशोक साहू अजय जैन साईकिल, रुचिका बुन्देला, जिला उपाध्यक्ष हरी सिंह बुंदेला, बसंती लारिया,किरण सेन,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, रजनी अहिरवार, गौरव चौधरी राजेश लिटौरिया, ध्रुव सिंह सिसौदिया, विशाल रावत, कमलापति रिछारिया,अवतार सिंह लोधी, दीपक पाराशर, संदीप सिंह बुंदेला,रुपेश साहू, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, नरेंद्र कड़की, महामंत्री गण मनोज खटीक, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीतेश संज्ञा,बीणा जैन, ऋतु समाधियां, सुनीता पंथ, रामरती रैकवार, रानी जहां, राखी ताम्रकार,बन्दना तिवारी, अंकुर शानू बाबा,अज्जू बाबा, संजय रसिया, अनुज शर्मा, रोहित रावत,संघ कार्यकर्ता विवेक बोहरे एड, शीतल सिंह लोधी,भरत श्रीवास्तव, कुंजन सिंह लोधी एड, मनीष सड़ैया, डा तेजस्व श्रीवास्तव, जीतू राजा प्रधान, विवेक जैन, राजदीप जैन, विजय सिंह प्रधान कुंआतला,अमित तिवारी, ई पुनीत पाण्डेय,अजय नायक सिंदवाहा, शीतल सिंह लोधी,आनन्द देवलिया, संजय अहिरवार,मौसम नायक, जगभान सिंह लोधी,जगदीश सिंह लोधी, रुपेश साहू आदि मौजूद रहे।

## पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति योजना के आवेदन बड़ी संख्या में लंबित

# कलेक्टर ने अनुपस्थित 5 अफसरों का लिया स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के प्रमुख अधिकारियों के साथ मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड के अन्तर्गत माह अक्टूबर 2025 में विभिन्न विभागों/योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक की और खराब प्रगति वाले विभागों को फटकार लगाते हुए अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिये।

समीक्षा के दौरान पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के बड़ी संख्या में आवेदन अधिकारी की लापरवाही से विद्यालय स्तर पर लम्बित होने के कारण प्रगति खराब हुई, जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को फटकार लगाते हुए आज देर रात तक उन विद्यालयों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराने और उन सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की कल शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराकर अग्रसारण की कार्यवाही की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न होने पाए, इसके लिए रविवार को भी विद्यालय खोलकर पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक लम्बित आवेदनों को शत-प्रतिशत अग्रसारित कराकर अवगत करायें। मनरेगा की समीक्षा के दौरान उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिये कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतों जिनमें तालाबों पर अतिक्रमण है, उन्हें सम्बंधित उप जिलाधिकारी के सहयोग से कब्जामुक्त करायें और उनका मनरेगा योजनान्तर्गत सौंदर्यीकरण कराया जाए।

उन्होंने पीएम कृषक बीमा योजना के बीमित किसानों को कम्पनी द्वारा अब तक दी गई क्षतिपूर्ति की समीक्षा की, जिसमें कम्पनी द्वारा अपेक्षित क्षतिपूर्ति भुगतान न होने पर उप कृषि निदेशक को कम्पनी पर कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए उन्हें डीएम कार्यालय तलब किया जाए। बैठक के दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम ग्रामीण, प्र0 मत्स्य अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने इन अधिकारियों के स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये । बैठक में पीडी डीआरडीए दीपक यादव, उपायुक्त मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुॅवर सिंह यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### चार आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज, दुर्गापुरी चौकी प्रभारी लाइन अटैच

# जमीनी विवाद पर किसान का मर्डर, चौकी प्रभारी पर हत्या करवाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर थाने की दुर्गापुरी पुलिस चौकी के अधीन आने वाले क्यारपुरा गांव के हार में बीती शाम को एक किसान की जमीनी विवाद को लेकर लाठी और तलवारों से हमला करके हत्या कर दी। इस मामले में मृतक के परिजनों ने दुर्गापुरी चौकी प्रभारी पर बुलाकर हत्या करवाने का आरोप लगाया है। परिजनों के आरोपों के बाद दुर्गापुरी चौकी प्रभारी को लाइन अटैच करते हुए जांच के आदेश दिए गए है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों दिलखुश मीणा, राजेन्द्र मीणा, सुरेश मीणा और गप्पू मीणा निवासी क्यारपुरा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक श्योपुर के महाराणाप्रताप नगर निवासी सुदीप सिंह चौहान का क्यारपुरा में वहां के कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार को उनके खेत की पराली में किसी ने आग लगा दी थी। इस बात की सूचना पर सुदीप सिंह चौहान अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर खेत पर पहुंचे। जहां वे लोग भी पहुंच गए,जिनसे उनका जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस दौरान कहासुनी होने पर विवाइ इतना बढ गया कि दिलखुश मीणा, राजेन्द्र मीणा, सुरेश मीणा और गप्पू मीणा ने एक राय होकर सुदीप सिंह चौहान पर लाठी तलवारों से हमला कर दिया और उनकी 12 बोर लाइसेंसी बंदूक की भी तोडफोड कर दी।



### इलाज कराने के बजाए चौकी से थाने पर घुमाती रही पुलिस

मृतक सुदीप सिंह चौहान के परिजनों का आरोप है कि विवाद के दौरान सुदीप सिंह चौहान घायल हो गए थे जो किसी तरह मौके से जान बचाकर घायल अवस्था में दुर्गापुरी चौकी पर पहुंचे। जहां दुर्गापुरी चौकी प्रभारी उन्हें इलाज उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल ले जाने के बजाए चौकी से मानपुर थाने ले गए। जहां काफी देर रोकने के बाद उनकी एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया। जिला अस्पताल में लाने पर सुदीप सिंह चौहान ने दम तोड दिया। परिजनों का आरोप है कि दुर्गापुरी चौकी प्रभारी की इस हत्या में आरोपियों से मिलीभगत है, इसलिए उनके द्वारा सुदीप सिंह चौहान को खेत में पराली जलाने की सूचना देकर खेत पर बुलवाया गया और फिर विवाद में घायल होने पर उन्हें तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाने के बजाए उन्हें एफआईआर दर्ज करने के नाम पर चौकी से थाने तक घुमाते रहे। ऐसे में इलाज में हुई देरी के कारण उनकी मौत हो गई।



### परिजनों ने सौंपा ज्ञापन, चौकी प्रभारी पर कार्रवाई की मांग

जमीनी विवाद पर सुदीप सिंह चौहान की हत्या किए जाने पर उनके परिजनों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई करने और आरोपियों से मिलीभगत करने वाले दुर्गापुरी चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। साथही मृतक के बारिस को सरकारी नौकरी प्रदान करते हुए आर्थिक सहायता प्रदान करने और सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने की मांग भी उठाई है।

### आरोप निराधार

सभी आरोप निराधार है। खुद फरियादी चलकर मेरे पास चौकी पर पहुंचा था और उसने खुद पहले एफआईआर दर्ज करने की बात कही थी, चूंकि चौकी पर ऑनलाइन एफआईआर दर्ज नहीं होती है, इसलिए मै उसे तत्काल मानपुर थाने लेकर पहुंचा और उसकी एफआईआर दर्ज करवाई। इसके बाद उसे मानपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

**रामनरेश कंषाना**
**चौकी प्रभारी दुर्गापुरी**

### लाइन अटैच

जमीनी विवाद को लेकर हत्या की यह वारदात घटित हुई है। इस मामले में परिजनों के आरोप के बाद दुर्गापुरी चौकी प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया है और एसडीओपी मामले की जांच सौंपी गई है। इस मामले में 4 आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज कर तीन आरोपियो को अरेस्ट कर लिया गया है। शेष बचे एक आरोपी को भी जल्द ही अरेस्ट कर लिया जाएगा।

**सुधीर अग्रवाल**
**एसपी,श्योपुर**

### खरगोन, नीमच, शिवपुरी जैसे बड़े जिले रह गए फिसड्डी

# दस्तक अभियान की रैंकिंग में श्योपुर जिला पूरे प्रदेश में पहले पायदान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दस्तक अभियान के प्रथम चरण के तहत स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले ने जो काम किया है,वह काम सबसे अच्छा श्योपुर जिले में हुआ है। इस बात का पता प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मप्र के सभी जिलों की समीक्षा के दौरान चला है। इसलिए दस्तक अभियान की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में मप्र के 10 टॉपटेन जिलों में श्योपुर को पहला पायदान मिला है। खरगौन, नीमच,छतरपुर और शिवपुरी जैसे जिलो में दस्तक अभियान का काम फिसड्डी पूर्ण रहा है। इसलिए इन जिलों को फिसड्डी 10 जिलों की सूची में स्थान दिया गया है।

दरअसल दस्तक अभियान का पहला चरण 16 जुलाई से सितंबर 2025 तक संचालित हुआ था। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले ने सभी जिलों में घर घर जाकर 5 साल तक के बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई तथा इस दौरान जो बच्चों में जो बीमारी पाई गई,उनकी रोकथाम के लिए भी जरूरी प्रबंध किए गए। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार श्योपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले ने जिले में घर घर जाकर 5 साल तक के बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उनकी बीमारियों को खोजने और उन बीमारियों की रोकथाम के लिए जो प्रबंध किए गए, वे काफी अच्छे रहे है। इसलिए प्रदेश स्तरीय समीक्षा के दौरान श्योपुर जिले को इस अभियान के दौरान किए गए कार्य के लिए 79.67 प्रतिशत अंकों के साथ मप्र के टॉप 10 जिलो में पहली रैंक प्रदान की गई है। इसको लेकर जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों सहित इस काम में लगने वाले मैदानी अमले में उत्साह का संचार बना हुआ है।




### फिसड्डी 10 जिलो में शिवपुरी भी शामिल

काम का स्तर कमजोर रहने के चलते मप्र के 10 जिलो को फिसड्डी जिलों की सूची में रखा गया है। जिसमें शिवपुरी जिले को भी शामिल करते हुए 46 वी रेंक दी गई है। जबकि खरगौन को 51 वीं रेंक, नीमच को 50 वी,छतरपुर को 49 वी रेंक,राजगढ को 48 वी रेंक,रीवा को 47 वी रेंक दी गई है। धार को 45 वी रेंक,रतलाम को 44 वी रेंक,सिवनी को 43 वीं और खण्डवा को 42 वी रेंक के साथ फिसड्डी 10 जिलो की सूची में स्थान दिया गया है।

### उच्च प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 जिलो में देवास दूसरे उमरिया तीसरे स्थान पर

दस्तक अभियान के पहले चरण के दौरान उच्च प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के 10 जिलों को टॉपटेन में शामिल किया है। इसमें पहले पायदान श्योपुर तो दूसरे पायदान पर देवास और तीसरे पायदान पर उमरिया जिले को रखा गया है। जबकि चौथे पायदान पर रायसेन,पांचवे पर सीहोर, 6 वें पायदान पर झाबुआ, 7 वें पायदान पर बालाघाट,8 वें पायदान पर अलीराजपुर, 9 वें पायदान पर छिंदवाडा और 10 वें पायदान पर अनूपपुर जिला रहा है। भलेही संभाग में ग्वालियर, मुरैना,भिण्ड और गुना जिलों की गिनती बडे जिलों के रूप में होती है,लेकिन इसके बाद भी इन जिलों का नाम टॉपटेन जिलों की सूची में दूर दूर तक नहीं दिख रहा है।

### इनका कहना है...

दस्तक अभियान के पहले चरण की रैंकिंग के दौरान श्योपुर जिले को पूरे प्रदेश में पहला स्थान मिला है। श्योपुर को मिली इस उपलब्धि का श्रेय इस काम में लगने वाले सभी अधिनस्थ अधिकारी और कर्मचारियों की मेहनत को जाता है।

**डॉ डीएस सिकरवार**
**सीएमएचओ,श्योपुर**

# फसल का भुगतान मंडी में हो अतिरिक्त कटौत्रा बंद किया जाए



श्योपुर। भारतीय किसान संघ ने शनिवार को सीएम के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को दिया है। किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि खराब हुई फसल का मुआवजा व बीमा की राशि सहित बिजली बिल माफ, सहकारिता का ऋण माफ आदि मांगों को लेकर किसान संघ की ओर से जो पत्र दिए थे उनकी अभी तक कोई सुनवाई नही हुई जिसको लेकर जिले का किसान दुखी है। ऐसे में फिर से ज्ञापन सौपकर प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई गई है। इसके साथही ज्ञापन में कृषि उपज मंडी में अतिरिक्त उपज 700 ग्राम प्रति क्विंटल ली जा रही है जिसे बंद किए जाने, किसानों को उनकी उपज का भुगतान मंडी प्रांगण में ही किए जाने, जिले की अन्य मंडियों में भी बीओटी कांटे से ही तोल कराए जाने के लिए कांटों की स्वीकृति दिलवास जाने की मांग उठाई गई है।ज्ञापन सौपने के दौरान रामअवतार मीना अध्यक्ष ग्रामसमिति ढ़ोटी, लाखनसिंह जाट जिलाउपाध्यक्ष, मूलचंद मीणा संभाग सहमंत्री, रामसिंह जाट जल आयाम प्रमुख, हरिशंकर पालीवाल प्रांत सदस्य आदि किसान संघ पदाधिकारी मौजूद थे।

### जमीन को लेकर कराहल में चले लाठी डंडे,पांच जख्मी

श्योपुर। कराहल कस्बे में बीती रात को दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडे चल गए। इसमें दोनों तरफ से दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें कराहल अस्पताल में दाखिल कराया गया। कराहल पुलिस ने क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कराहल थाना पुलिस ने बताया कि जमीनी को लेकर हुए इस विवाद में एक तरफ से गंगाराम आदिवासी और उसकी पत्नी कौशल्या बाई जख्मी हो गई। वहीं दूसरी तरफ से छुट्टन कुशवाह, अरविंद कुशवाह और कृष्णा बाई चोटिल हो गई। इस मामले में गंगाराम आदिवासी की रिपोर्ट पर छुट्टन कुशवाह, हीरालाल, अरविंद, सिया बाई के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष से अरविंद कुशवाह की रिपोर्ट पर गंगाराम आदिवासी, गोपाल शर्मा, गोकुल आदिवासी, कौशल्य बाई के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# अरे द्वारपालों, कन्हैया से कह दो के दर पे सुदामा ग़रीब आ गया है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जयश्री पैलेस में विगत एक सप्ताह से जारी ज्ञानयज्ञ का सप्तम व अंतिम सत्र शनिवार को पूर्ण हो गया है, श्रीमद्भागवत कथा की विधिवत पूर्णता रविवार को अपराह्न 4 बजे हवन पूर्णाहुति के बाद महाप्रसाद भंडारे के साथ होगी। शनिवार को कथा व्यास पं. चैतन्य किशोर कटारे ने श्री कृष्ण सुदामा मैत्री के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। इसी क्रम में राजा परीक्षित के मोक्ष सहित श्री शुकदेव महाराज की विदाई और वेद व्यास भगवान के पूजन प्रसंग का भी वर्णन किया गया। जो भक्तजनों को भावुक करने वाला रहा। इससे पहले सुदामा चरित्र का कारुणिक वृत्तांत सुनाते हुए कथाचार्य ने ₹अरे द्वारपालों, कन्हैया से कह दो₹ जैसे मर्मस्पर्शी भजनों का गायन भी किया। उक्त प्रसंगों की प्रस्तुति के साथ ही इस आयोजन की रसवर्षा पर विराम लग गया।

### श्रद्धा पूर्वक मनी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती

# साधारण विचार के धनी थे महानायक मुंडा:तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

साधारण कृषक परिवार में जन्मे स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के मन में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बगावत वाले भाव हमेशा से थे, यह बात क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर कराहल मुख्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संबोधन देते हुए कही। शनिवार को जिले भर में बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि वह स्वाधीनता संग्राम के अमर महानायक, अरण्य संस्कृति और जनजातीय अस्मिता के उन्नायक थे। बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलीहातु ग्राम में हुआ। वह साधारण कृषक परिवार से थे, परंतु उनके विचार असाधारण थे। बचपन से ही उनमें नेतृत्व, अध्ययन और चिंतन का अद्भुत संगम था। उन्होंने जर्मन मिशन स्कूल में शिक्षा पाई, जहां उन्होंने ब्रिटिश शासन और ईसाई मिशनरियों की नीतियों को निकट से देखा। वह समझ गए कि यह शासन केवल भूमि नहीं, आत्मा को भी वश में करने की चेष्टा कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बिरसा मुंडा के नाम से जनजातीय वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष तुरर्शन पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण सहित कई जनप्रतिनिधि नेता मौजूद है।






### देश को आजाद कराने में महती भूमिका निभाई बिरसा ने: जंडेल

जिला कांग्रेस कमेटी ने बिरसा मुंडा की जयंती पटेल चौक पर किसान कांग्रेस के धरना प्रदर्शन पर मनाई इस दौरान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि देते हुए विधायक बाबू जंडेल ने उन्हें महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने में उनका योगदान कभी बुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने विदेश में पढ़ाई कर आजादी की लड़ाई को जोरदारी से लड़ा वह महात्मा गांधी और डॉ भीमराव अंबेडकर के असल राजनीतिक उत्तराधिकारी थे। श्रद्धांजलि सभा को कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जसवंत मीणा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा, हंसराज मीणा, प्रहलाद सेन आदि ने भी उद्बोधन दिए।

### एनआरएलएम व एनयूएलएम में बिना पंजीयन वाले समूह होगें चलन से बाहर

# मध्यान्ह भोजन में फर्जीवाड़ा रोकने जिला पंचायत सीईओ के निर्देश से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों और आंगनबाड़ियों में भोजन नाश्ता पकाकर खिलाने वाले महिला स्व सहायता समूहों के नाम पर किए जाने वाले फर्जीवाडा को रोकने के लिए जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने एक आदेश जारी किया है जिसके बाद फर्जीवाडा कर स्कूलों और आंगनबाड़ियों का भोजन व्यवस्था हड़प लेने वाले अपात्र महिला स्वसहायता समूहों का इस व्यवस्था में चलन से बाहर होने का संकट मंडरा गया है। ज्ञात हो कि इस व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में एनआरएलएम एवं शहरी क्षेत्र के स्कूलों में एनयुएलएम के माध्यम से पंजीकृत समूह को ही भोजन व्यवस्था में शामिल रखने के निर्देश हैं, लेकिन अभी तक इस निर्देश की पालना जिले में ठीक से नहीं हो पा रही थी। निर्देश के बाद सभी स्कूलों से महिला स्वसहायता समूहों से प्रमाणीकरण मांगा जा रहा है।

मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एवं शहरी आजीविका मिशन एनयूएलएम के माध्यम से महिलाओं को समूह बनाकर उनकी आजीविका बढ़ाने का काम सरकार अभियान चला कर कर रही है इस अभियान के तहत महिलाओं को बैंक से लोन दिलाने एवं अनुदान प्रदान करने का काम भी किया जाता है। विभिन्न स्कोप में भी महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाता है जिन महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है उनकी जानकारी सरकार को होती है इसलिए उन्हें इस मिशन से जोड़कर पंजीकृत किया जाता है। हाल ही में विजयपुर के हुल्लपुर गांव में थालियों के बाजाए बच्चों के कागज पर रखकर रोटी खाते हुए फोटो वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा इस व्यवस्था में कसावट लाने के लिए दिए गए निर्देश के तहत जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद द्वारा की गई समीक्षा में यह बात निकाल कर सामने आई कि बड़ी संख्या में गैर पंजीकृत समूह भी इस व्यवस्था से जुड़े हुए हैं जिनकी जवाबदारी और पारदर्शिता संदिग्ध है इस उद्देश्य से जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने सभी स्कूल और आंगनबाड़ियों में पंजीकृत समूह को ही भोजन व्यवस्था में लगाने के निर्देश जारी किए हैं जिसके बाद स्कूलों में आनन फानन में समूह को पंजीकरण का काम किया जाने लगा है।



### पंजीकरण में यूं पकड़ा जाता है फर्जीवाड़ा

महिला समूह का पंजीकरण करने के बाद जानकारी ऑनलाइन दर्ज हो जाती है महिलाओं का आधार समग्र आईडी राशन कार्ड और फोटो भी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाता है महिलाएं हर साल की आए व्यय का हिसाब भी प्रदर्शित करती रहती हैं यह काम दिल्ली से भी मॉनिटरिंग किया जाता है जिससे इस काम में फर्जीवाडा होने की संभावना नहीं होती है, समूह से जुड़ी महिलाओं को समूह से क्या लाभ मिला इसकी जानकारी भी नहीं है जबकि ऑफलाइन महिला समूह में अधिकतर एक ही व्यक्ति पर फर्जी महिलाओं के नाम से भी समूह संचालित करते रहने के आरोप लगते रहते हैं। कई महिलाएं तो समूह से ऐसी जुड़ी है जिनको याद तक नहीं है और वह समूह में जुड़कर बकायदा गतिविधियां कर रही है।

### विभिन्न स्कोप में मिल चुका है काम

एनआरएलएम से जुड़े महिला स्वसहायता समूहों को पहले कड़कनाथ मुर्गी पालन का प्रशिक्षण देकर फॉर्म खुलवाए गए कराहल में बड़ी संख्या में फॉर्म खोलें जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर हुई, बाद में महिलाओं को स्कूल ड्रेस सिलाई का काम दिया गया कई सालों तक महिलाओं ने स्कूल ड्रेस सिलचर अपनी आजीविका को बढ़ाया यह काम शहरी क्षेत्र में भी एन यु एल एम के माध्यम से किया गया है अब महिलाओं को शहरी क्षेत्र में पेयजल को शुद्धिकरण नापने के लिए जिम्मेदारी दी गई है जिन्हें प्रति कनेक्शन के हिसाब से पैसा दिया जा रहा है और भी कई व्यवसाय हैं जिनमें महिलाओं को लोन देकर व्यवसाई बनाने का काम किया जा रहा है पंजीकृत महिलाओं सिर्फ एमडीएम के सहारे नहीं है जबकि अन्य व्यवसाय से भी जुड़ी हुई है। गैर पंजीकृत महिला स्व सहायता समूह सिर्फ एमडीएम के सहारे ही टिके हुए हैं।

### इनका कहना...

ग्रामीण क्षेत्र में एनआरएलएम ओर शहरी क्षेत्र में एनयूएलएम में पंजीकृत समूह ही एमडीएम व्यवस्था देखेंगे, जिला पंचायत सीईओ के निर्देश के बाद जो समूह पंजीकृत नहीं है उन्हें पंजीकरण कराने का अवसर दिया जा रहा है। पंजीकरण नहीं कराने वाले महिला स्वसहायता समूहों पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत संचालित भोजन व्यवस्था से बाहर कर पंजीकरण वाले समूह को जोड़ा जाएगा।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ श्योपुर**

### एकलव्य वनवासी छात्रावास में मनाई भगवान बिरसामुंडा की जयंती




श्योपुर। मातृ छाया संस्थान और वनवासी कल्याण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को एकलव्य वनवासी छात्रावास में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिशुपाल मीणा, विशिष्ट अतिथि भास्कराचार्य टकसाली एवं अध्यक्षता भूपेंद्र चौहान के द्वारा की गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती मा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि एक साधारण परिवार में बृहस्पति वार के दिन जन्म लेने के कारण उनका नाम बिरसा पड़ा। बिरसा मुंडा ने बचपन से ब्रिटिश राज के अत्याचार और मिशनरियों के धर्मांतरण के कार्यों के कारण उनमें देश भक्ति की भावना जागृत हुई बिरसा ने समाज को ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ एक किया और समाज में व्यापत कुरीतियों की त्यागने का संकल्प जताया। कार्यक्रम में मंच संचालन फूलचंद सोनी कार्यकारी अध्यक्ष वनवासी कल्याण परिषद तथा आभार प्रदर्शन सत्यनारायण गोयल सचिव वनवासी कल्याण परिषद ने किया। इस अवसर पर वंशीधर शर्मा, शंभू दयाल जागा, शकुंतला देवी शर्मा पूर्व पार्षद, सुधाकर पचौरी, अजय शर्मा, ममता मित्तल प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष वार्ड क्र.19, मुकेश सिकरवार,धीरज सुमन आदि उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण बैठक में दी गई समितियों के गठन और उनके कार्य की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एकल अभियान मध्य भारत संभाग चंबल भाग अंचल श्योपुर समिति की एक प्रशिक्षण वर्ग बैठक शुक्रवार को जैदा स्थित गल्ला मण्डी रेस्ट हाऊस मे आयोजित हुई। इस प्रशिक्षण बैठक में चंबल भाग अध्यक्ष राजेन्द्र सेन, संभाग हरिकथा सचिव महेश सिंहल, संभाग प्रशिक्षण प्रमुख नारायण सिंह ठाकुर, भाग अभियान प्रमुख धर्मवीर सिंह गुर्जर, महिला समिति सरंक्षक अनीता सिकरवार, अंचल अध्यक्ष मदनमोहन गग,अंचल सचिव किशन सिंघल, अंचल प्रभारी शिशुपाल शर्मा, अंचल अभियान प्रमुख पप्पू सिंह पाल सहित सभी अंचल टोली के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। इस समिति प्रशिक्षण बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को एकल अभियान की संकल्पना अंचल से लेकर संच व ग्राम समितियां के कार्यकारणीय कार्य एवं कितने प्रकार की समितियां बनानी है एवं समिति की जिम्मेदारी क्या होती है तथा समितियां द्वारा समर्पण राशि एवं समितियां का कार्यकाल कितना होता है आदि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



## खबर संक्षेप



### एमएसएमई रैंप योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**अशोकनगर।** एमएसएमई रैंप योजना के अंतर्गत एक दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को अशोकनगर जिला मुख्यालय स्थित होटल विरा किचन में किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सेडमैप जिला समन्वयक द्वारा किया गया। कार्यशाला में रैंप रीजनल अधिकारी श्री राज खत्री, जेडईडी से हेमंत झा, जेम से कुरैशी, सहायक संचालक उद्यानिकी गिरवाल, तथा जिला उद्योग अधिकारी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने एमएसएमई इकाइयों को गुणवत्ता सुधार ऑनलाइन सरकारी पोर्टल जेएम तथा उद्योगों के आधुनिकीकरण के लिए रेम्प योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 50 उद्योगपतियों ने कार्यशाला में सहभागिता कर अपने उद्यमों के विकास, वित्तीय योजनाओं, बाजार विस्तार और तकनीकी उन्नयन से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त किया। उद्योग समुदाय ने इस प्रकार की कार्यशालाओं को अत्यंत उपयोगी बताते हुए सेडमैप एवं जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और इस मौके पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### आम के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम बमनावर निवासी अमान सिंह पुत्र समरथ सिंह जाटव उम्र 38 साल ने आम के पेड़ से लटककर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### सचिव की रिपोर्ट पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़ला के सचिव मुन्नालाल रजक निवासी ग्राम बिल्हुरू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जनसुनवाई के दौरान देशराज अहिरवार ने शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई, अश्लील गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी।

### कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले की तहसील चंदेरी में 28 नवम्बर को आयोजित होने वाले चंदेरी उत्सव कार्यक्रम की तैयारियां एवं व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चंदेरी उत्सव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं भव्य और आकर्षक हों। उन्होंने निर्देशित किया कि चंदेरी उत्सव के शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री के संभावित भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए सभी कार्य किए जाए। उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर की साफ-सफाई दुरूस्त रहे इस विशेष ध्यान दिया जाए।

## वक्ताओं ने संगठन, संघर्ष और विकास का दिया संदेश

# धरती आबा के जयकारों से गूंजे गांव : सहरिया क्रांति ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई

**घर-घर पूजन अभियान, माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ आदिवासी स्वाभिमान का उत्सव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर मंगलवार को सहरिया समाज में उत्साह, गर्व और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। सहरिया क्रांति संगठन ने इस ऐतिहासिक अवसर को जिलेभर में धूमधाम से मनाया। गांव-गांव में घर-घर पूजन कर भगवान बिरसा मुंडा को तिलक लगाया गया और उनके साहस, संघर्ष और बलिदान को नमन किया गया। मुख्य आयोजन ग्राम सुरवाया में हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में आदिवासी भाई-बहन इस प्रेरक दिवस में शामिल होने पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई।

कार्यक्रम में सहरिया क्रांति के संयोजक संजय बेचैन ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य में कहा बिरसा मुंडा केवल एक नाम नहीं, आदिवासी अस्मिता की प्रेरणा हैं। उन्होंने भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और गांधीजी से बहुत पहले अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध विद्रोह प्रारंभ किया। जब स्वतंत्रता आंदोलन संगठित रूप में प्रारंभ भी नहीं हुआ था, तब उन्होंने झारखंड के जंगलों और ऊंची घाटियों में स्वराज का शंखनाद किया। ह्यअबुआ राज एते जाना, महारानी राज ट्रेडू जानाह्न—यह नारा केवल शब्द नहीं था, बल्कि एक क्रांतिकारी विचार था जिसने हजारों आदिवासियों में चेतना जगाई। आज हमें उनके मार्ग पर चलकर समाज के अधिकारों और स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।

इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष औतार भाई सहरिया ने भावुक होते हुए कहा धरती आबा बिरसा मुंडा हमारे पूर्वजों की वह अमर धरोहर हैं, जिन्होंने हमें सिर उठाकर जीना सिखाया। उनका जीवन हमें बताता है कि संगठित समाज सबसे मजबूत होता है। आज जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं तो



हमें प्रण लेना चाहिए कि हम समाज को विविध संघर्षों से निकालकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान की दिशा में ले जाएँगे। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजय आदिवासी ने कहा बिरसा मुंडा ने जंगल-जमीन और आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ी। उन्होंने दिखाया कि अत्याचारी शासन कितना भी मजबूत क्यों न हो, संगठित जनता उससे बड़ी होती है। आज आदिवासी समाज को शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से मजबूत करने की जरूरत है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियाँ गर्व से कह सकें कि वे धरती आबा के वंशज हैं।₹ कल्याण क्रांति ने कहा धरती आबा का जीवन एक संघर्ष गाथा है। उन्होंने साबित किया कि कठिन परिस्थितियाँ भी हिम्मत और संगठन के आगे टिक नहीं सकतीं। हम सबको उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँच सके।₹ ग्राम पंचायत सुरवाया के सरपंच दिलीप आदिवासी ने अपने सरल लेकिन प्रभावी शब्दों में कहा बिरसा मुंडा की गूँज आज भी जंगलों की हवा में सुनाई देती है। उनकी विचारधारा को नई पीढ़ी तक पहुँचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। यदि हम उनके मार्ग पर चलें, तो हमारा समाज एकजुट होकर हर चुनौती का सामना कर सकता है।

इसमें राजेश सोनीपुरा ने कहा कि बिरसा मुंडा वह क्रांतिकारी प्रकाश-पुंज थे जिन्होंने आदिवासी समाज को अंधकार से बाहर निकालकर आत्मसम्मान की राह दिखाई। वे केवल झारखंड के नहीं, पूरे राष्ट्र के जननायक हैं। आज उनकी जयंती हमें नया साहस और नई चेतना प्रदान करती है। सभा के अंत में उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया कि वे भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए सदैव एकजुट रहेंगे। कार्यक्रम का समापन आदिवासी नृत्य, गीत और धरती आबा अमर रहें के जयघोष के साथ हुआ जिसने पूरे वातावरण को ऊर्जा और गौरव से भर दिया।

### दबरा चक्र पर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समारोह पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में सरपंच धर्म सिंह आदिवासी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि रामकृष्ण पाल हुए शामिल

**दिनारा।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दबरा चक्र पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जल जंगल और जमीन के अधिकारों की क्रांतिकारी आवाज एवं आदिवासी जननायक धरती आबा बिरसा मुंडा भगवान की जयंती पर भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर तिलक कर दीप प्रज्वलित करते हुए माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई एवं उनके जीवन पर रामकृष्ण-घनश्याम सिंह बघेल ने प्रकाश डालते हुए कहा धरती आ भगवान बिरसा मुंडा की संघर्ष और बलिदान हमें यह सिखाया हैं कि अन्याय के आगे सिर नहीं झुकना चाहिए बल्कि सत्य अहिंसा से अधिकार की रक्षा के लिए खड़े होना ही जीवन का सच्चा धर्म है। आज हम उनके आदर्शों को अपने जीवन का संकल्प बनाते हुए कहता हूँ मैं संकल्प लेता हूँ कि जीवनभर भगवान बिरसा मुंडा जी के बताए मार्ग पर चलेंगे और शोषित, पीड़ित और दमन झेल रहे हर व्यक्ति की आवाज उठाएंगे अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ आखिरी सांस तक लड़ते रहेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित रामकृष्ण-घनश्याम सिंह बघेल जनपद सदस्य प्रति. धर्म सिंह आदिवासी सरपंच दबरा दिनारा , शिवसिंह यादव दबरा पूर्व सरपंच गुर्जर आदिवासी आदि माताएं बहने बुजुर्ग बच्चे उपस्थित मौजूद रहे।





## पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

देश के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया, स्कूलों में बाल मेलों के साथ कई कार्यक्रमों के आयोजन हुए। इन बाल मेलों में जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी शामिल हुए और बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

**बाल दिवस पर कलेक्टर ने केन्द्रीय विद्यालय चंदेरी के बच्चों से किया संवादः** कलेक्टर आदित्य सिंह शुक्रवार को भ्रमण के दौरान तहसील मुख्यालय चंदेरी पहुंचे। चंदेरी में केन्द्रीय विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के स्कूल छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षाओं के विभिन्न विषयों के बारे में संवाद किया। उन्होंने विद्यालय में खेल गतिविधियों हेतु इन्डोर, आउटडोर गेम्स के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आगामी भविष्य के लिए जो विद्यार्थी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करना चाहता है,उसे किस तरह प्लान कर पढ़ाई करे,इस बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**नवचेतन स्कूल में बाल मेले का आयोजन हुआ** शुक्रवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में नवचेतन स्कूल में बाल मेले का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया थे, जबकि नपा उपाध्यक्ष रीना शर्मा, भाजपा नेता और समाजसेवी मनोज शर्मा एवं यातायात प्रभारी स्नेहा ठाकुर ने बाल मेले में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। नपाध्यक्ष ने स्कूल में दी जा रही शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों का उल्लेख करते हुए स्कूल प्रबंधन को बधाई दी वहीं मनोज शर्मा ने बताया कि स्कूल की स्थापना 1988 में हुई थी तब स्कूल एक या दो कक्षों में संचालित होता पर आज यह विद्यालय वट वृक्ष बन चुका है। वहीं यातायात प्रभारी ने बाल मेले में आए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को मोबाइल न दें और साथ ही बच्चे जिन वाहनों से स्कूल जाते हैं उन्हें समय समय पर फॉलो करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में पूर्व में हुई रंगोली आदि प्रतियोगिताओं के पुरस्कार अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। वहीं कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक गिर्राज शर्मा और प्राचार्य मोनिका शर्मा द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए।

# नायब तहसीलदार ने की कार्रवाई 440 रुपए में बेच रहे थे यूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर



जिले के भौंती कस्बे में शुक्रवार को प्रशासन ने खाद में ओवररेटिंग पकड़ते हुए बड़ी कार्रवाई की। नायाब तहसीलदार शुभम गर्ग अचानक पटेल ट्रेडर्स की दुकान पर पहुंचे, जहां जांच के दौरान पाया गया कि किसानों को 270 रुपए में मिलने वाली यूरिया की एक बोरी 440 रुपए में बेची जा रही थी।

छिरवाया गांव के किसान दिलीप लोधी ने मौके पर ही नायब तहसीलदार को बताया कि दुकानदार ने उससे प्रति बोरी 440 रुपए वसूले हैं और वह 4 बोरी पहले ही खरीद चुका है। इसके बाद नायब तहसीलदार ने दुकानदार से बिलिंग मशीन और लाइसेंस की जानकारी मांगी। दुकानदार ने बताया कि खाद विक्रय का लाइसेंस उसके बेटे अजय पटेल के नाम पर है, जो उस वक्त शिवपुरी शहर गया हुआ था। घटना की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार शुभम गर्ग ने कृषि विभाग के एसएसडीओ को फोन कर दुकान और गोदाम की जांच के निर्देश दिए। मौके पर ही प्रशासन ने दुकान में मौजूद यूरिया की 20 से अधिक बोरियों को किसानों को निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया।

## डीआईजी ने किया अशोकनगर का वार्षिक निरीक्षण

**अशोकनगर।** पुलिस विभाग के वार्षिक सत्र की शुरूआत जनवरी से होती है और दिसम्बर माह में समापन होता है। वर्ष 2025 व्यतीत हो रहा है जिसे लेकर ग्वालियर रेंज के डीआईजी अमित सांघी ने वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर स्कॉड ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें परेड कमांडरों ने अपनी-अपनी टुकड़ियों से दिशा बदल, सलामी शस्त्र, आगे बढ़, पीछे मुड़, तीन लाइन से दो लाइन बनाना आदि विभिन्न ड्रिल क्रियाएं कराई। पुलिस उप महानिरीक्षक ने उपस्थित निरीक्षक एवं उप निरीक्षकों से भी स्कॉड ड्रिल की अलग-अलग कार्यवाहियां कराईं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा भी मौजूद थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर के निर्देशन में बलवा मॉकड्रिल (बलवा रिहर्सल) का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान अश्रु गैस पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, रायफल पार्टी, प्राथमिक उपचार पार्टी, रिकवरी पार्टी एवं मीडिया भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों की अलग-अलग पार्टियाँ बनाई गईं। अभ्यास के दौरान दंगाई स्थिति का सजीव प्रदर्शन किया गया, जिसमें एक पक्ष द्वारा अचानक हंगामा शुरू किया गया तथा पथराव की स्थिति निर्मित की गई। प्रतिक्रिया स्वरूप पुलिस द्वारा पहले अश्रु गैस का प्रयोग किया गया, तत्पश्चात केन पार्टी एवं लाठी पार्टी द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने की कार्यवाही की गई। स्थिति न थमने पर कार्यपालिक दंडाधिकारी से अनुमति प्राप्त कर गोली चालन की प्रक्रिया का अभ्यास भी किया गया। मॉक परिस्थितियों में घायल व्यक्ति को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया गया। उपरांत, दंगा प्रभावित क्षेत्र का पुलिस दल द्वारा अवलोकन किया गया। मॉकड्रिल के बाद परेड मार्च कराया गया।

## बैराड पुलिस ने की अवैध हाथ भट्टी मदिरा पर कार्रवाई

# कच्ची शराब 70 लीटर की बरामद, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेशकर भेजा जेल

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिह राठौड़ द्वारा अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध जीरो टोलरेंस अपनाने के निर्देश दिये गये थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले व एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन मे आज दिनांक 15.11.2025 को थाना बैराड पुलिस को जरिये मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति बैराड में बेडिया पुरा मोड के पास भारी मात्रा मे अवैध रुप से देशी हाथ भट्टी की कच्ची शराब रखे हुये है तथा शराब की विक्री कर रहे है, सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम मुखविर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचीं तो दो व्यक्ति बेडियापुरा मोड पर खड़े थे जो अपने पास दो नीले रंग की प्लास्टिक केने रखे हुए थे उक्त दोनों व्यक्तियों को पकडा एवं पूछने पर उन्होनें अपने नाम शिशुपाल उर्फ बंटी पुत्र कैलाश चंद सोनी उम्र 38 साल निवासी वार्ड क्र.04 बैराड एवं गौरव पुत्र हुकुम चन्द सोनी उम्र 27 साल निवासी वार्ड क्र.04 छोटी सब्जी मण्डी के सामने बैराड के होना बताये आरोपीगणों से मिली दोनों केनों को खोलकर एवं सूंघकर चैक किया तो दोनों केनों के अन्दर करीब 35-35 लीटर कुल 70 लीटर हाथ भट्टी की शराब भरी होना पाई गई। उक्त दोनों व्यक्तियों से शराब रखने व विक्रय करने का लायसेन्स चाहा तो न होना बताया आरोपीगणों का यह कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का दण्डनीय पाया जाने से शराब को जप्त कर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों को जे आर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपीगणों को जेल दाखिल किया गया ।

बरामद माल झदोनों केनों मे 35-35 लीटर शराब कुल 70 लीटर हाथ भट्टी की शराब कीमती 7000 रुपये आंकी गई है।



**इनकी रही भूमिका :** - बैराड थाना प्रभारी सुरेश शर्मा , सउनि सोबरन सिंह सिसोदिया, आर.1093 गिर्राज त्यागी, आर.1101 चेतन राठौर, आर.875 ज्ञान सिंह रावत आदि मौजूद थे।

### राजपुर और पिपरई में बाल दिवस के मौके पर हुए कई सांस्कृतिक आयोजन

**राजपुर।** जिले के राजपुर और पिपरई मुख्यालयों पर संचालित स्कूलों में 14 नवंबर का दिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर बच्चों को पुरूस्कार प्रदान किए गए। सांस्कृतिक आयोजन हुए और उनका उत्साह वर्धन किया गया। राजपुर में शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल में आयोजन हुआ शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर जिला अशोकनगर में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के साथ-साथ में शिक्षकों के द्वारा भी बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सरस्वती माता के चित्र पर एवं नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।इस अवसर पर भूरेलाल शर्मा द्वारा बच्चों को चाचा नेहरू और बाल दिवस के विषय में बताया गया इसी के साथ गांव के सरपंच प्रतिनिधि सफीक खान के द्वारा बच्चों को आशीर्वाद वचन दिए गए।

## ई-अटेंडेंस तकनीकी खामियों से शिक्षकों पर छाया संकट!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

राज्य शिक्षक संघ, मध्य प्रदेश ने शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में लागू की गई निजी ई-अटेंडेंस प्रणाली (संस्करण 3.0) पर गंभीर आपत्तियाँ दर्ज की हैं। संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस ऐप की लॉगआउट प्रक्रिया में गंभीर तकनीकी गड़बडियां हैं, जिसके कारण शिक्षकों की उपस्थिति गलत दर्ज हो रही है। संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे ने कहा कि पोर्टल पर अधिकृत रूप से जांच कराई गई, जिसमें पाया गया कि जितने शिक्षक लॉगिन कर रहे हैं, उनमें से केवल 2 से 3 प्रतिशत ही सही तरीके से लॉगआउट दर्ज करा पा रहे हैं। बाकी शिक्षकों के रिकॉर्ड गलत दिखाए जा रहे हैं। इस महीने 9 दिन के कार्य दिवस में किसी की उपस्थिति पूरे दिनों की नहीं है। यहां तक शून्य दिवस दिखाई दे रही है। जबकि सभी शिक्षक समयानुसार विद्यालय से लॉगआउट कर रहे हैं। दिलीप सिंह रघुवंशी ने कहा कि हमारी निजता के साथ-साथ वेतन और साख पर भी खतरा मंडरा रहा है। अब यदि भविष्य में इसी त्रुटिपूर्ण डेटा के आधार पर वेतन निर्धारण किया गया, तो शिक्षकों के वेतन, सेवा अभिलेख प्रभाव पड़ेगा।

## महाविद्यालय में जनजाति दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर मे 14 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति दिवस के उपलक्ष में आयोजित की गई प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुंगावली महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉण आरण्एसण रघुवंशी प्राचार्य विशेष अतिथि के रूप में विशाल नरवरियाए अर्चना प्रसाद एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉण विजय सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र व धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर फूलो का हार चढ़ाकर किया। मुख्य अतिथि डॉ आरण्एसण



रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्षए अंग्रेजों की शोषणकारी नीति के विरोध में उनके चलाए गए उलगुलान आंदोलन के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉण विजय सिंह ने अपने उद्बोधन में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थि जीवन मे समय के महत्व को समझायाए उन्होंने बताया कि जितने भी महापुरुष है उन्होंने निः स्वार्थ रूप से समाज व देश के लिए काम किया है इसलिए हम उन्हें याद करते है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती वर्ष के उपलक्ष में भगवान बिरसा के जीवन संघर्ष एवं विचारों पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान विशवीर भंडारीए द्वितीय स्थान गौरव प्रजापतिए तीसरा स्थान सानिया मिर्दा ने प्राप्त किया एवं भाषण प्रतियोगिता में विशवीर भंडारी ने प्रथम स्थानए सेजल राजपूत ने द्वितीय स्थानए रेखा केवट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया दिनांक 12 नवंबर को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान सुनंदा अहिरवारए द्वितीय स्थान मनीष अहिरवारए तृतीय स्थान जया रघुवंशी ने प्राप्त कियाए दिनांक 13 नवंबर को प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## मुनिश्री सुधासागर महाराज से कलेक्टर ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

राष्ट्रसंत श्रमण शिरोमणि निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज से कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शुक्रवार को थूबोन पहुंचकर मुनि श्री सुधासागर जी महाराज से आर्शीवाद लिया। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन अशोकनगर द्वारा जिले को कुपोषण से मुक्त हेतु चलाये जा रहे ह्दय अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कुपोषण से बच्चों को बाहर निकालने के लिए दूध एवं गर्म पानी के साथ मोरिंगा पाउडर पिलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में अभियान के तहत 10 हजार बच्चों का चिन्हाकंन किया गया।



जिसमें 06 हजार बच्चे कुपोषण से सामान्य स्थिति में आ चुके है। इसी प्रकार अगले चरण में कुपोषित बच्चों का चिन्हाकंन कर कुपोषण से बाहर निकाला जायेगा। उन्होंने श्री 108 सुधासागर जी महाराज से इस अभियान में आवश्यक सहयोग की मांग की। कलेक्टर ने दर्शनोदय फोल्डर का किया विमोचन।आचार्य मुनिपुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के दर्शनोदय फोल्डर का कलेक्टर आदित्य सिंह ने का विमोचन किया गया।